जिलाधिकारी कार्यालय, पटना।

(गोपनीय शाखा)

आ दे श

कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा द एपिडेमिक डिजीजेज एक्ट, 1897 (The Epidemic Diseases Act, 1897) की धारा–2 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए Lockdown करने का आदेश दिया गया है। साथ ही गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या–40–3/2020–डी0, दिनांक 24.03.2020 के क्रम में कार्यालय संचालन एवं आवश्यक वस्तुओं/स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के संबंध में व्यापक निदेश दिये गये हैं। खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन, होम डिलेवरी करने वाले ''ई–कॉमर्स'' से जुड़े आवश्यक सेवाओं के वाहन/स्वस्थ्य सेवाओं से जुड़े वाहन को भी रोके जाने की शिकायत प्राप्त हो रही है। अपरिहार्य कारणवश/अनिवार्यता के आलोक में व्यक्तिगत वाहन परिचालन पास (पटना जिला अन्तर्गत एवं अन्तर जिला) हेतु आवश्यक है।

अतः उक्त के आलोक में परिचालित होने वाले वाहनों एवं उनसे संबंधित कर्मियों हेतु व्हाट्सएप नं एवं ई–मेल के माध्यम से संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी से **ई–पास** निर्गत करने की व्यवस्था की जा रही है। इस हेतु अनुमण्डलवार वाट्सएप संख्या एवं ई–मेल निम्न प्रकार से है :–

क्र०	अनुमण्डल का नाम	व्हाट्सएप मो0 सं0	ई–मेल
1	पटना सदर	6287590578	sdopatnasadar@gmail.com
2	पटना सिटी	6287590580	sdopatnacity@gmail.com
3	दानापुर	6287590585	sdodanapur10@gmail.com
4	बाढ़	6287590581	sdobarh@gmail.com
5	पालीगंज	6287590582	sdo.masaurhi@gmail.com
6	मसौढ़ी	6287590579	sdopaliganj@gmail.com

आवेदक उपरोक्त ई0–मेल के माध्यम से संलग्न आवेदन–पत्र परिशिष्ट–1 में विवरणी भरकर **Pdf File** बनाकर आवेदन करेंगे ताकि कागजात misplace नहीं हो।

संबंधित पदाधिकारी व्हाट्सएप/ई0मेल से प्राप्त Pdf आवेदन के आलोक में स्वंय संतुष्ट होकर निर्गत ई–पास **Pdf File** बनाकर आवेदक के वाट्सएप मोबाईल संख्या पर भेजेंगे तथा ई0–पास की कॉपी संबंधित जिलाधिकारी/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को भी देंगे।

D: Niranjan ji -

जिला नियंत्रण कक्ष, पटना द्वारा अपरिहार्य कारणवश/अनिवार्यता के आलोक में व्यक्तिगत वाहन परिचालन पास (पटना जिला अन्तर्गत एवं अन्तर जिला) हेतु आवेदक से (परिशिष्ट–1 के अनुसार) **Pdf File** में प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रुटनी उपरांत तथा अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदनोपरान्त **ई0–पास** निर्गत किया जायेगा। इसके लिए निम्नलिखित वाट्सएप नम्बर एवं ई0मेल के माध्यम से **Pdf** आवेदन प्राप्त किया जायेगें :–

क्र०	कार्यालय का नाम	व्हाट्सएप मो0 सं0	ई–मेल
1	**जिला नियंत्रण कक्ष, पटना।**	6287590583	dcrpatna1@gmail.com

संबंधित कर्मी हस्ताक्षर उपरांत उसे ई–पास निर्गत कर आवेदक के वाट्सएप मोबाईल पर **Pdf File** बनाकर भेजेंगे एवं इस हेतु निम्नलिखित प्रपत्र में सूचनायें निर्गत पंजी में दर्ज करायेंगे।

<u>आवेदन पंजी</u>

क्र0	आवेदक का नाम	ई–पास का प्रयोजन	वाट्सएप मोबाईल सं0	आवेदन प्राप्ति		स्वीकृत तथा ई–पास निर्गत			अस्वीकृत	अभ्युक्ति
				तिथि	समय	संख्या	तिथि	समय		
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**

ह0-

जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञाप संख्या 3225 /गो0,पटना दिनांक 29/3/2020

प्रतिलिपि– प्राधिकृत सभी पदाधिकारीगण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/सभी नगर पुलिस अधीक्षक, पटना/पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना/ पुलिस अधीक्षक, यातायात,पटना/ पुलिस अधीक्षक, रेलवे, पटना/उप विकास आयुक्त, पटना/ अपर जिला दंडाधिकारी, विधि–व्यवस्था, पटना/विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना/अपर जिला दंडाधिकारी, आपूर्ति, पटना/नगर दण्डाधिकारी–सह–प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना/सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना जिला/जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पटना/आई0टी0 मैनेजर, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। निदेशित है कि उपरोक्त सूचना को पटना जिला के बेवसाईट पर अपलोड करने की कार्रवाई की जाय।

प्रतिलिपि– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

29/3/20

जिलाधिकारी, पटना।

D: Niranjan ji -

परिशिष्ट –1

आवेदन–पत्र

सेवा में,

____

____

विषय :– ई0पास निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मुझे ई0 पास की आवश्यकता है, जिसे निर्गत करने की कृपा की जाय। विवरणी निम्नवत् है :–

1. आवेदक का नाम :
2. वाट्सएप मोबाईल संख्या :
3. फोटो आई0डी0 :
   (आधार कार्ड / वोटर आई0कार्ड / चालक अनुज्ञप्ति / पासपोर्ट / पैन)
4. वाहन का प्रकार :
5. निबंधन संख्या :
6. प्रस्थान स्थल :
7. गंतव्य स्थल :
8. प्रयोजन :
9. यात्रियों की संख्या

मैं यह शपथ–पूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दी गयी जानकारी पूर्णतः सही है। गलत पाये जाने पर दण्ड का भागी होउंगा।

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम
पूरा पता

D: Niranjan ji -